## संक्षिप्त

### सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां शुरू

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** डॉक्टर अंबेडकर मानवतावादी सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र कुमार महरडा के अनुसार संस्थान की आवश्यक मीटिंग कन्हैया लाल शार्दूल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में राधेश्याम बरवड संयोजक ने 6 वें विवाह सम्मेलन के बारे में विचार विमर्श कर तय किया गया कि सामुहिक विवाह सम्मेलन के तहत 2 अक्टूबर को सगाई समारोह, 30 अक्टूबर को विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। बरवड व महरडा के अनुसार मीटिंग में विवाह सम्मेलन हेतु विवाह समिति का गठन किया गया जिसमें हरिश चंद्र छिछोलिया को अध्यक्ष, मदनलाल छिछोलिया, राधेश्याम नारनोलिया व नवल किशोर बोला को उपाध्यक्ष ,संदीप तोषनीवाल को महासचिव, शंकरलाल बिदावत को प्रदेश कोषाध्यक्ष, अरुण बिंवाल को कोषाध्यक्ष, अरविंद वर्मा को सचिव, सुरेंद्र कुमार काजला को कार्यालय प्रभारी, प्रेम देवी वर्मा को अध्यक्ष सामूहिक विवाह समिति ,प्रकाश कटारिया, पवन कुमार व लक्ष्मण राम को जोड़ा कमेटी में शामिल किया गया है।

### सीएलजी मीटिंग का आयोजन

**गोविंदगढ़/अलवर, (निसं)।** गोविन्दगढ़ कस्बे में हिन्दु एवं मुस्लिम के त्योहारों के मध्य नजर थाना परिसर में सी एल जी की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग थाना अधिकारी शिव शंकर शर्मा, उपखण्ड अधिकारी रेखा मीणा, तहसीलदार विनोद मीणा की मौजूदगी में। मीटिंग में आने वाले त्यौहारों में शांति व्यवस्था बनी रहे इसे लेकर सी एल जी के सभी सदस्यों को सहयोग करने की अपील भी की गई। इस महीने में मोहर्रम, 15 अगस्त, रक्षा बंधन तथा जन्माष्टमी के त्योहारों के मध्य नजर कस्बे में शांति व्यवस्था बनी रही इसकी जिम्मेदारी सभी लोगों की है। व्यापार संघ के अध्यक्ष अजय मेठी ने इस मीटिंग में अधिकारियों को आश्वस्त किया कि कस्बे में हमेशा से भाईचारा बना रहा है और सभी त्यौहार शान्ति पूर्वक मनाए जाते है।

### प्रवेश के लिए कटऑफ जारी

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** स्थानीय राजकीय महिला महाविद्यालय में इस सत्र में प्रवेश के लिए कटऑफ जारी कर दी गई है । नोडल अधिकारी प्रोफेसर हंसराज चौहान ने बताया कि 200 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा ,जिसके लिए कुल 309 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से मेरिट लिस्ट 154 छात्राओं की निकाली गई है, जिसकी सूचना महाविद्यालय की सूचना पर चस्पा कर दी गई है। बीए पार्ट प्रथम के लिए मुख्य सूची में जनरल के लिए 66 छात्राओं की कट ऑफ 80, ओबीसी की 38 छात्राएं जिनकी कटऑफ 72 , एससी की 29 छात्राओं की कटऑफ 70.20 ,एसटी की 14 छात्राओं की कटऑफ 59 . 20 ,एमबीसी की एक छात्रा के लिए 58 .08 व ईडब्ल्यूएस 6 छात्राओं की कट ऑफ 61. 80 जारी की है। इन छात्राओं को 10 अगस्त तक मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन महाविद्यालय में करवाना होगा।

### राष्ट्रभक्ति कवि सम्मेलन आज

**अलवर।** आजादी के अमृत महोत्सव और भारत छोडो आंदोलन की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 8 अगस्त को राष्ट्रभक्ति कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

# अतिक्रमण हटाने की मांग पर चार दिन से चल रहा किसानों का धरना



उनियारा उपखंड के बनेठा में ग्राम सेवा सहकारी समिति के बाहर हो रहे अतिक्रमण के विरोध में ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन लगातार चौथे दिन भी जारी रहा।

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** उनियारा उपखंड कस्बे बनेठा में ग्राम सेवा सहकारी समिति के बाहर अतिक्रमण कर करवाए जा रहे पक्के निर्माण कार्य के विरोध में ग्रामीणों द्वारा किसान महापंचायत युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन लगातार चौथे दिन भी जारी रहा।

धरने के चार दिन बीत चुके हैं परंतु कोई भी प्रशासनिक अधिकारी धरना स्थल पर वार्ता करने के लिए नहीं पहुंचा

■ **कोई भी प्रशासनिक अधिकारी धरना स्थल पर वार्ता करने के लिए नहीं पहुंचा**

है । रविवार को धरना स्थल पर जिला प्रमुख सरोज बंसल के प्रतिनिधि के रूप में उनके पति नरेश बंसल पहुंचे तथा ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर दिए जा रहे धरने का समर्थन कर सोमवार को जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से उक्त मामले की जांच करवाने तथा अतिक्रमण को हटाने का आश्वासन दिया। जैसे-जैसे दंगल के दिन गुजर रहे हैं वैसे वैसे ही ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि अतिक्रमण हटाने की मुहिम में लामबंद होते दिख रहे हैं अगर 8 अगस्त तक सरकार द्वारा या प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए दिए जा रहे धरने पर कोई वार्ता नहीं की जाती है तो 9 अगस्त से आंदोलन की रणनीति में बदलाव किया जाएगा।

इससे पहले शनिवार को पंचायत समिति सदस्य एवं पूर्व सरपंच नरेंद्र सैनी तथा वार्ड नंबर 4 के वार्ड पंच मोहन लाल माली भी धरना स्थल पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने के लिए धरने का समर्थन किया था। किसान महापंचायत के युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी ने बताया कि जब तक प्रशासन द्वारा उनकी मांगे नहीं मान ली जाती तब तक धरना स्थल पर धरना जारी रहेगा। ग्रामीण चार दिनों से दिन रात धरना दे रहे हैं । किसान महापंचायत प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर चौधरी ने बताया कि अगर प्रशासन द्वारा 8 अगस्त तक वार्ता के लिए कोई भी अधिकारी धरना स्थल पर नहीं आता है तो 9 अगस्त से आंदोलन की रणनीति में परिवर्तन किया जाएगा । धरने के दौरान पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं जिला प्रमुख प्रतिनिधि नरेश बंसल ने कहा कि ग्रामीणों एवं धरना दे रहे किसानों की मांगें जायज है । एक व्यक्ति विशेष द्वारा सहकारी समिति के बाहर अतिक्रमण कर करवाए जा रहे पक्के निर्माण को शीघ्र हटाया जाना चाहिए । धरना प्रदर्शन के दौरान समिति अध्यक्ष सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## 12-12 लाख से गोदाम बनेगें

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बडनगर व जयसिंहपुरा की ग्राम सेवा सहकारी समिति के अधीन 12-12 लाख की लागत से नवीन सहकारिता गोदाम का निर्माण होगा।

सहकारिता विभाग की बजट घोषणा में स्थानीय विधायक इंद्राज गुर्जर मांग पर ग्राम पंचायत बडनगर व जयसिंहपुरा की ग्राम सेवा सहकारी

■ **ग्राम पंचायत बडनगर व जयसिंहपुरा की ग्राम सेवा सहकारी समिति के अधीन गोदाम बनेंगे**

समिति में नए गोदाम व खाद्यान्न गृह का निर्माण करवाया जाएगा। जिससे खाद्यान्न गृह एवं कृषि उत्पादों के साथ ही खाद, बीज, दवाई सहित कृषि जिंसों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी एवं वस्तुओं का भंडारण करने के लिए पर्याप्त जगह की सुनिश्चितता उपलब्ध होगी व खाद्यान्नों को खराब होने से बचाया जा सकेगा। 100 मैट्रिक टन का नवीन गोदाम निर्माण होगा।

निर्माण कार्य स्वीकृति जारी होने की तिथि के चार माह में पूर्ण किया जाना आवश्यक है। विराटनगर विधान सभा विधायक इंद्राज गुर्जर ने बताया कि इस स्वीकृति से किसानों को राहत प्रदान होगी। किसानों की मांग पर मैंने सरकार ने नवीन गोदाम निर्माण के लिए राशि स्वीकृत किए जाने की मांग की थी। अब किसानों को राहत मिलेगी।

## सार-समाचार

### बहरोड़ विधायक का स्वागत



**पावटा, (निसं)।** उपखंड पावटा में रविवार को बहरोड़ विधायक बलजीत यादव के आगमन पर राजस्थान ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। वहीं विधायक बलजीत यादव ने अपने संकल्प के तहत स्वागत नहीं करवाते हुए मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि भ्रष्टाचार ने समाज को खोखला कर दिया है। इस भ्रष्टाचार के कारण गरीब व मिडिल क्लास के लोगों को खून के आंसू रोना पड़ता है और घुट-घुट कर मरना पड़ता है। उन्हें नियम कानून का पता नहीं होने पर नाजायज परेशान किया जाता है। अगर भ्रष्टाचार पर अंकुश लग जाए तो यह दलाल प्रथा समाप्त हो जाएगी व आमजन का कार्य बिना आर्थिक परेशानी के सरलता से हो पायेगा। वही मेरे द्वारा मुहिम भ्रष्टाचारी को पकडवाओ, 51 हजार का नगद ईनाम पाओ के तहत भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है। वहीं उन्होंने युवाओं की पीडा व दर्द को समझते हुए कहा कि मेरे पास हर दिन हजारों बेरोजगार इसी पीडा को लेकर आते हैं कि पेपर लीक गैंग की बजह से मेहनत करने वाले युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रही हैं। इस मौके पर पावटा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल, वार्ड पार्षद विजय गुप्ता, अमित शर्मा, भुवनेश शर्मा, जुगल किशोर यादव, हरी सैनी, सुरेश यादव, पिंटू सिंह, पप्पू दादा, बबलू, कैलाश, चंदू यादव, धुनाराम, सुभाष यादव, शीशराम, फरदीन खान बलवान, जितेंद्र शर्मा सहित जन प्रति निधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

### सांभर समाज के लोगों का मिलन समारोह



**सांभरझील, (निसं)।** सांभर समाज, जयपुर के लोगों का मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। समस्त सांभर प्रवासी लोगों ने इसमें उत्साह के साथ भाग लिया। प्रथम आगन्तुक दम्पत्तियों में से पांच भाग्यशाली दम्पत्तियों को पुरस्कार दिये गये। महिलाओं, पुरूषों, युवक युवतियों व बच्चों के लिये प्रतियोगितायें हुयी। प्रत्येक खेल में तीन विजेताओं को पारितोषिक दिये गये। दस लोगों को लक्की कूपन ड्रा के माध्यम से पुरस्कार दिये गये। पहत्तर वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों भी गर्मजोशी से अभिनन्दन किया गया। ऐसे लोगों की ओर से उनके जीवन में दिये गये योगदान के लिये उनका साफा पहनाकर उनका आदर किया गया। सैकण्डरी एवं सीनियर सैकण्डरी परीक्षा में नब्बे प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली होनहार प्रतिभाओं को स्मृति चिंह देकर उनका हौंसला हफजायी की गयी। इस दौरान फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के अलावा देशभक्ति व महापुरूषों पर आधारित थीम पर चार वर्ष से दस वर्ष तक तथा ग्यारह वर्ष से अठारह वर्ष तक के बच्चों के लिये रखी गयी प्रतियोगिता में सभी ने अपने हुनर का शानदार परिचय दिया। इसी प्रकार दस से अठारह वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिये अनेक विषयों पर चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी।

### मंत्री जूली ने परिवार सहित पदयात्रा का स्वागत किया



**अलवर, (निसं)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने धर्मपत्नी गीता जूली तथा परिवार सहित अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मालाखेडा तथा बालेटा कस्बे से रींगस खाटूश्याम जी के लिए निकली ग्रामीणों की पदयात्रा का रास्ते में माल्यार्पण व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मंत्री जूली ने कहा कि धार्मिक भावना से ओतप्रोत खुशहाली की कामना करने के उद्देश्य से पदयात्रियों का यह जत्था खाटूश्यामजी के लिए रवाना हुआ है। भक्त धर्म ध्वज लहराते हुए ढोल-नगाडों की धून पर बाबा की महिमा के भजन गाकर पदयात्रा में शामिल हो रहे है। उन्होंने बताया कि सीकर जिले में स्थित खाटूश्याम मंदिर की काफी मान्यता है। लखदातार श्रद्धा व आस्था तथा आकर्षण केन्द्र है। यहां बडी संख्या में श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शन करने आते है। इस अवसर पर प्रतीक व्यास, जितेन्द्र मीना, सुरेश शर्मा, जगदीश योगी, महावीर मीना, नवीन नावरिया, पांचाराम, हनुमान यादव, रथपार्क, नीलम नावरिया, खुशीराम, रेवडिया मीना, रमेश, झम्मन लाल, रतन गांधी, ओमप्रकाश, पूरण, राजाराम, रामसिंह, दौलतराम, करण, राजेश, मनीष, बाबूलाल, पंकज, अनुज, विमल, रिंकु सहित बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अनुसूचित व जनजाति की बैठक

**पावटा, (निसं)।** अनुसूचित जाति व जनजाति टोरडा गुजरान की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन डॉ. अबेडकर सामुदायिक भवन में जीणगौर सरपंच रोहिताश कुमार बायला के मुख्य आतिथ्य, सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश आर्य की अध्यक्षता व पंडित पुरा सरपंच के विशिष्ट आतिथ्य में की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत टोरडा गुजरान पूर्व सरपंच हरिचंद धानका ने आपसी भाईचारे व एकता बनाये रखने व शिक्षा को बढावा देने की बात कहीं। वही जगदीश आर्य ने डॉ. अबेडकर साहब को प्रेरणा स्त्रोत बताते हुए उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर ही चलने का आव्हान किया। कार्यक्रम के अंत में हंसराज धानका एवं अमरसिंह धानका का अध्यक्ष अंबेडकर विचार मंच ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत कर एकता एवं मजबूती बनाए रखने के लिए कहा। इस मौके पर रिटायर्ड हवलदार मूलचंद, रोशन लाल आर्य, मातादीन मुलोदिया, रूपचंद मुलोंदिया, रामकुमार मुलोंदिया, सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चिकित्सा मंत्री ने आवासीय पट्टे वितरित किए

**लालसोट, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा मंडावरी नवगठित नगर पालिका में रविवार को पात्र शहर वासियों को आवासीय पट्टे वितरित किए गए।

मंत्री मीणा द्वारा 69 ए के तहत नगर पालिका क्षेत्र मंडावरी की आबादी भूमि से संबंधित पट्टे वितरण कर पात्र शहर वासियों को लाभान्वित किया गया। पट्टा वितरण कार्यक्रम के दौरान शहरवासियों को नवगठित नगर पालिका में प्रशासन शहरों के संग अभियान के तीसरे चरण में 69 ए के तहत पट्टे मिलते ही भूखंड मकान आदि का स्वामित्व मिलने के बाद लाभार्थी शहर वासियों के चेहरे खिल उठे। चिकित्सा मंत्री मीणा ने नवगठित नगर पालिका क्षेत्र की कृषि भूमि में बसे आवासीय घरों को भी अभियान के दौरान पट्टे देकर ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करने के निर्देश दिए। वही




नगर पालिका मंडावरी में चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ( बाएं से तीसरे ) ने लाभार्थियों को पट्टे वितरण किये।

अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा एवं शिविर प्रभारी रमेश चंद शर्मा द्वारा मंत्री मीणा को कृषि भूमि में बसे आवासीय कॉलोनी पट्टे जारी करने की प्रक्रिया के लिए की जा रही आवश्यक तैयारियों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री मीणा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेश सरकार द्वारा आवासीय मकानों भूखंडों का वास्तविक मालिक को स्वामित्व देने के लिए एवं विभिन्न प्रमाण पत्रों एवं अटके पडे कार्यों को तुरंत निपटाने के लिए प्रशासन शहरों के संग एवं गांव के संग अभियान की शुरुआत की है। इस दौरान मंत्री मीणा द्वारा नगर पालिका द्वारा बनाए गए 69 ए के पट्टो को लेकर नगर पालिका की प्रशंसा भी की। पट्टा वितरण कार्यक्रम के दौरान मंत्री मीणा द्वारा जनसुनवाई भी की गई। अधिशासी अधिकारी द्वारा पट्टे बनाने संबंधी गई प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी मंत्री मीणा को दी गई। पट्टा वितरण समारोह के दोरान पंचायत समिति प्रधान नाथू लाल मीणा, अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा, तहसीलदार मदनलाल मीणा, विद्युत विभाग के एईएन घनश्याम मीणा पीएचईडी के एईएन अंकित जैन, जेईएन बसराम मीणा, जिप सदस्य नरेश बैपलावत. कार्यवाहक स्वास्थ्य निरीक्षक रामवतार मीणा व ललिता बैरवा, ड्राफ्टमैन रणधीर मीरवाल, प्रेम शर्मा, रिंकू शर्मा, बृजेश गौतम, डा धीरज शर्मा सहित शहरवासी मौजूद रहे।

# क्रमोन्नत विद्यालयों का उद्घाटन किया

**लालसोट/रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने उपखंड मुख्यालय पर राजस्थान सरकार द्वारा उनके प्रयासों के बाद विभिन्न श्रेणी के क्रमोन्नत राजकीय विद्यालयों का उद्घाटन किया।

वहीं दूसरी ओर रामगढ़ पचवारा उपखंड क्षेत्र में ग्राम विद्युतीकरण योजना का लोकार्पण किया। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि स्थानीय स्तर पर उच्च कक्षाओं मैं स्कूलों के क्रमोन्नित से छात्र छात्राओं को बेहतर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा स्थानीय स्तर पर ही प्राप्त होगी। वही ग्राम विद्युतीकरण योजना से दर्जनों गाड़ियों के हजारों ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे ग्रामीणों को निर्बाध विद्युत सेवा का लाभ मिल सकेगा.. स्थानीय विधायक व चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा के प्रयासों से बगड़ी, बनासड़ी डिगो, भांवता, बीड़ोली, चौण्डियावास, ढोलावास, धोण डिंवाचली कला, कर्णपुरा, खानपुर,

■ **चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने विद्यालयों का उद्घाटन किया**

किशनपुरा, कोलीवाड़ा नगरियावास, रतनपुरा, रायपुरा, समेल आदि राजकीय माध्यमिक विद्यालय उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नित पर एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय से उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत सात विद्यालय, लाडपुरा, लाखनपुर, गोल, श्रीरामपुरा, जगनेर तुर्कान कुशलपुरा, गोपालपुरा उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नगर पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र पंचायत समिति नाथूलाल मीना व कौशल्या मीना व पालिका उपाध्यक्ष संतोष स्वामी रहे.. खंड विकास अधिकारी प्रियंका मीना ने जानकारी देते हुए बताया की शनिवार को चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा पंचायत समिति रामगढ पचवारा की अधीनस्थ ग्राम पंचायते नयावास, पालुन्दा, भावता, राहुवास, कोलीवाडा, गोपालपुरा, सोनड, बीछा, सलेमपुरा, निजामपुरा, ढोलावास की ग्रामीण विधुतीकरण योजना का लोकार्पण चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीना द्वारा किया गया।

लोकार्पण के दौरान प्रधान डां कौशल्या मीना, पंचायत समिति लालसोट प्रधान नाथू लाल मीना, सामाजिक कार्यकर्ता डा. मोहन लाल मीना, उपखण्ड अधिकारी नीतू करोल, विकास अधिकारी प्रियंका मीना, लेखा अधिकारी हरिमोहन मीना सहायक विकास अधिकारी कमलेश मीना, पूर्व उप प्रधान किशन लाल मीना, ग्राम कोलीवाडा संरपच अर्चना शर्मा, ग्राम पंचायत गागल्यावास सरपंच मीरा देवी बैरवा आदि मौजूद थे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक बंद कराने को लेकर शहर में निकले युवा

**अलवर, (निसं)।** सिंगल यूज प्लास्टिक बंद कराने की मुहिम लेकर रविवार को रोटरी क्लब अलवर फोर्ट व अलवर पैडल्स की ओर से युवा शहर में साइकिल लेकर निकले। सिंगल यूज प्लास्टिक बंद करने को लेकर आमजन को जागरूक किया।

युवा अलवर शहर की सडकों पर बंद करो- प्लास्टिक बंद करो के नारे लगाते हुए निकले। अलवर में 8 किलोमीटर की साइकिल यात्रा निकाली। जो नंगली सर्किल से प्रारंभ होकर भगतसिंह सर्किल, रूपबास, जगन्नाथ मंदिर तक पहुंची।

इस कार्यक्रम के संयोजक अर्पित गुप्ता ने बताया समापन के दौरान अंकुरित अनाज एवं जूस सभी प्रतिभागियों को दिया गया। रैली को यूआईटी के भूमि अवाप्ति अधिकारी सोहन सिंह नरुका ने रवाना किया। रैली का नेतृत्व सुरेंद्र मीना ने किया। इस दौरान अमित सिंघल , संस्थापक अलवर पैडल्स ने प्लास्टिक मुक्त अलवर का संदेश दिया। रोटरी क्लब अलवर फोर्ट से मधुर अग्रवाल, अभिषेक तनेजा, अमित गोयल एवं मनीष भाटिया सहित काफी संख्या में युवा मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम में आकाश व अंशु ने साइकिल से स्टंट भी दिखाए। उनके स्टंट को देख लोग अचंभित रह गए। वे काफी दूर तक ऊपर पैर कर साइकिल चलाने में माहिर हैं। वहीं कई तरह के स्टंट साइकिल से करते हैं। इस रैली का मकसद यही था कि आमजन को सिंगल यूज प्लास्टिक के खतरे पता लगें। ताकि वे इसका यूज बिल्कुल बंद कर दें।

# एसडीएम ने मतदान केंद्र व छात्रावास का निरीक्षण किया

**किशनगढ़ बास, ( निसं)।** एसडीएम गंगाधर मीणा ने विशेष अभियान के तहत मतदान केंद्रों पर आयोजित मतदाता पहचान कार्ड को आधार कार्ड से लिंक किए जाने के लिए लगाए गए कैंप का औचक निरीक्षण कर ड्यूटी से नदारद मिले 6 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।

इसके अलावा एसडीएम ने बास कृपाल नगर में संचालित छात्रावासों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देख वार्डन को सुधार के निर्देश दिए हैं। एसडीएम गंगाधर मीणा ने बताया कि चुनाव आयोग एवं जिला कलेक्टर के निर्देशन में रविवार को आयोजित विशेष अभियान के तहत किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर लगाए गए मतदाता पहचान कार्ड को आधार कार्ड से लिंक कराए जाने के लिए गांव घासोली खानपुर मेवान कोलगांव महरमपूर में कैंप का



एसडीएम गंगाधर मीणा ने मतदान केंद्रों पर पहुंच कर कैंप का निरीक्षण कर ग्रामीणों से चर्चा की।

औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के ड्यूटी से नदारद मिले बीएलओ नरेन्द्र कुमार शर्मा भाग संख्या 214, योगेश कुमार भाग संख्या 215, भॅवर लाल भाग संख्या 216, इब्राहिम खा भाग संख्या 246, कमलजीत सिंह भाग संख्या 247 व सुरेन्द्र कुमार मित्तल सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

इसके अलावा एसडीएम गंगाधर मीणा ने सुबह 9:15 पर किशनगढ़

■ **ड्यूटी से नदारद मिले 6 बीएलओ को दिए नोटिस**

■ **छात्रावास में अव्यवस्थाओं को देख जताई नाराजगी**

बास के बास कृपाल नगर में संचालित अम्बेडकर बालिका छात्रावास का किया निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा और छात्राओं से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने वार्डन को मौसमी बीमारियों को देखते हुए छात्रावास में विशेष साफ सफाई रखने के लिए निर्देशित किया वहीं छात्रावास में अव्यवस्थित सामान पढ़ा होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए व्यवस्थित रखने के लिए निर्देश दिए हैं।

## लम्पी स्किन महामारी पर बैठक

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** पंचायत समिति के सभागार में उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में शनिवार को पशुओं में फैल रही लम्पी स्किन महामारी के संबंध में आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया ।

राठौड ने बताया कि बैठक में उपस्थित नोडल पशु चिकित्सा अधिकारी श्रीमाधोपुर व अजीतगढ़, विकास अधिकारी पंचायत समिति अजीतगढ़ व श्रीमाधोपुर, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को लम्पी महामारी रोकथाम,उपखंड क्षेत्र में संचालित गौशाला संचालको एवं पशुपालकों ,आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। बताया गया है कि मीटिंग में मृत पशुओं के उचित निस्तारण हेतु ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत समिति के विकास अधिकारी व अजीतगढ़ तथा शहरी क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी नगरपालिका को आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने हेतु निर्देश प्रदान किए गए। नोडल पशु चिकित्सा अधिकारी अजीतगढ़ व श्रीमाधोपुर को पशुओ में उक्त महामारी के लक्षण प्रकट होते ही तत्काल आवश्यक उपचार मुहैया करवाने के निर्देश दिए गए।

# अस्पृश्यता के खिलाफ संदेश वाले विश्व के सबसे बड़े सिक्के का पावटा पहुंचने पर स्वागत

**पावटा, (निसं)।** दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नवीन संसद में लगाने व अस्पृश्यता को खत्म करने के एक अधूरे वादे की याद दिलाने के लिए 1 हजार 111 किलोग्राम वजनी व 2,047 मिलीमीटर व्यास के सिक्के के रविवार शाम पावटा पहुंचने पर सामाजिक कार्यकर्ता नितेंद्र मानव के नेतृत्व में सर्व समाज द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

जानकारी के अनुसार इसमें हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में अस्पृश्यता पर एक संदेश है 'क्या 1947 में अस्पृश्यता मुक्त भारत का सपना 2047 में सच होगा'। अस्पृश्यता शब्द भी एक तरफ 15 भारतीय भाषाओं में लिखा गया है। इसे ओडिशा के विश्व रंजन और दिल्ली के बल्लू जाटव दो कलाकारों ने बनाया है। जिसके दोनों ओर डॉ. बीआर अंबेडकर और गौतम बुद्ध के चित्र उकेरे गए हैं, यह देश के विभिन्न हिस्सों के लोगों द्वारा दान किए गए 2,450 किलोग्राम पीतल के बर्तनों से बनाया गया है। संगठन, नवसर्जन ट्रस्ट एक सप्ताह



सिक्के का सर्व समाज द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

की यात्रा के बाद नए संसद भवन के लिए सरकार को सिक्का दान करने की योजना बनाते हुए संगठन ने भारत के राष्ट्रपति के माध्यम से सरकार को दान करने के लिए यात्रा के रूप में दिल्ली की यात्रा करने की अपनी योजना अनुसार मानवाधिकार कार्यकर्ता मार्टिन मैकवान के नेतृत्व में 400 से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ 1 अगस्त को अहमदाबाद से शुरू होकर राजस्थान के विभिन्न जिलों से गुजरते हुए रविवार शाम उपखंड पावटा पहुँचने पर सर्व समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता ओ पी बायला, मनोज बुनकर, बलवंत मीणा, राजेश हाडिया, दिनेश हाडिया, पूरण मुलोंदिया, सुनील डुचानिया, लालचंद मीणा, कैलाश सिंघल, अजय चौहान सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता व सर्व समाज के लोग एवं ग्रामीण मौजूद रहे।